प्रभात खबर

bhagalpur news. भागलपुर में नकली किताबों का बड़ा खुलासा : यश ओल्ड बुक स्टोर से सैकड़ों पुस्तकें जब्त, दुकानदार गिरफ्तार

जिले में नकली पुस्तकों के कारोबार का बड़ा मामला सामने आया है. बरारी थाना क्षेत्र के मोहद्दीननगर स्थित यश ओल्ड बुक स्टोर के संचालक के घर पर छापेमारी कर पुलिस ने विभिन्न प्रकाशनों की सैकड़ों नकली किताबें बरामद की हैं. पुलिस ने नकली किताब दुकान के संचालक आकाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. मामला गाजियाबाद निवासी पुस्तक कंपनी के कर्मी आर्यन राघव द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के आधार पर सामने आया. उन्होंने एस चंद एंड कंपनी लिमिटेड, एसबीपीडी पब्लिकेशंस और स्पेक्ट्रम बुक्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अधिकृत होकर शिकायत दी थी. जांच में सामने आया कि दुकान संचालक आकाश कुमार नकली किताबों को असली बताकर बेच रहा था. छापेमारी के दौरान कक्षा नौ से 12 तक की फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, इंग्लिश, भूगोल, इतिहास व अर्थशास्त्र की किताबें बड़ी संख्या में जब्त की गयीं.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/bhagalpur/big-disclosure-of-fake-books-in-bhagalpur